अति आवश्यक / महत्वपूर्ण

कार्यालय प्रधानाचार्य, महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज झाँसी।

पत्रॉक– / छात्रवृत्ति / 2024 / एस0सी0–3 दिनॉकः /01/2025

आवश्यक सूचना

इस चिकित्सा महाविधालय में अध्ययनरत एमबीबीएस पाठ्यकम , डिप्लोमा इनलैब टेक्नीशियन पाठ्यकम एवं डिप्लोमा इन एक्सरे टेक्नीशियन पाठ्यकम के छात्र छात्राओं को अवगत कराना है कि उ0प्र0 की दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत आवेदन करने के उपरान्त आवेदन फार्म समस्त संलग्नको सहित संलग्न कर प्रत्येक दशा में 16–01–2025 तक प्रधानाचार्य कार्यालय में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके उपरान्त आवेदन फार्म स्वीकृत नही होंगे।

दशमोत्तर छात्रवृत्ति सत्र 2024–25 हेतु आवेदन करने वाले **सामान्य वर्ग एवं अनुसूचित जाति के छात्र छात्राओं को अवगत कराना है कि इस वर्ष छात्रवृत्ति पोर्टल पर संस्था स्तर से आवेदन फार्म अग्रसारित किये जाने से पूर्व आवेदन करने वाले छात्र छात्राओं का छात्रानुभाग से बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन पूर्ण किया जाना अनिवार्य है।** छात्र छात्राओं द्वारा बायोमेट्रिक आथेन्टिकेशन पूर्ण न किये जाने पर उनका आवेदन फार्म पोर्टल पर अग्रसारित नही माना जायेगा जिस स्थिति में छात्र छात्रायें छात्रवृत्ति से वंचित हो जायेगे इस हेतु समस्त उत्तर दायित्व सम्बन्धित छात्र छात्राओं का होगा।

अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र छात्राओं का बायोमेट्रिक आथेन्टिकेशन पोर्टल पर नही किया जाना है।

समस्त पाठ्यकम के सामान्य /अनुसूचित जाति जनजाति के छात्र छात्रायें अनिवार्य रूप से अपने फार्म का आथेन्टिकेशन छात्रानुभाग में दिनॉक 18–01–2025 तक अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें।

दशमोत्तर छात्रवृत्ति हेतु छात्र छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत से अधिक होने का प्राविधान है। अतः सभी छात्र छात्रायें की वर्तमान शिक्षण सत्र के दौरान उपस्थिति 75 प्रतिशत से अधिक रखें। अन्य पिछडा वर्ग के एम0बी0बी0एस0 छात्र छात्रायें बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम होने पर छात्रवृत्ति न आने पर सम्बन्धित छात्र छात्रा स्वयं जिम्मेदार होंगे।

प्रधानाचार्य
महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज,
झॉसी।

पत्रांक:-6057/छात्रवृत्ति/2024/एस०सी०-3

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–समस्त विभागाध्यक्ष, मेडिकल कॉलेज झॉसी।

2– अधीक्षक, छात्रावास सी0वी0रमन,धनवन्तरी व यू0जी0 बालिका छात्रावास, सम्बन्धित सभी छात्रावास के नोटिस बोर्ड , मेडिकल कॉलेज झॉसी।

3– अधीक्षक / सहायक अधीक्षक , यू0जी0 एम0बी0बी0एस0 ब्याइज छात्रावास / गर्ल्स यू0जी0 छात्रावास, पैरा मेडिकल कॉलेज झॉसी (द्वारा निदेशक, पैरामेडिकल कॉलेज झॉसी।)

4– नोटिस बोर्ड ।

5– मेडिकल कॉलेज झॉसी के ऑफीसियल वेबसाइट पर छात्रों हेतु सूचनार्थ।

प्रधानाचार्य
महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज,
झॉसी।